आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का औपचारिक उद्घाटन करते हुए वैश्विक जनहित के लिए एआई के प्रति सामूहिक संकल्प विकसित करने का किया आह्वान ।
- विधानमंडल के बजट सत्र में विधानसभा में सिंचाई और कृषि सहित अन्य विभागों की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा। विधान परिषद में किसानों के मुद्दे पर सपा ने किया सदन से वॉक आउट।
- कानपुर के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में वैमानिकी और रक्षा क्षेत्र में कौशल विकास के लिए स्थापित होगा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र।
- गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की पहल तेज। प्रदेश सरकार और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने किये एमओयू पर हस्ताक्षर।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में वैश्विक जनहित के लिए एआई के प्रति सामूहिक संकल्प विकसित करने का आह्वान किया। समिट का औपचारिक उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि समिट में विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्तुत समाधान मेक इन इंडिया हैं।

**एग्रीकल्चर सिक्योरिटी, दिव्यांगजनों की मदद, मल्टीलिंगुअल पापुलेशन की तमाम जरूरतों से जुड़े, जो भी सॉल्यूशन से यहां प्रेजेंट किए गए हैं, वो इस फील्ड में मेड इन इंडिया की ताकत और भारत की इन्नोवेटिव कैपेबिलिटीस का बहुत बड़ा उदाहरण है।**

श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। इस अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए इसे विश्व में अद्वितीय बताया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव अंतोनियो गुतरश ने कहा कि एआई सभी के लिए होना चाहिए।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के चौथे दिन की गतिविधियों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**भारत एआई इंपैक्ट समिट के चौथे दिन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक नेताओं और दुनियाभर के कई तकनीकी दिग्गजों के स्वागत के साथ हुई। इस बीच नेताओं ने एआई के भविष्य को आकार देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एक औपचारिक तस्वीर भी खिंचवाई। 500 से अधिक नेताओं 100 से अधिक संस्थापकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, 150 शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं और लगभग 400 मुख्य तकनीकी अधिकारियों उपाध्यक्षों की भागीदारी के साथ इस शिखर सम्मेलन ने अभूतपूर्व वैश्विक सहभागिता को आकर्षित किया है। सरकार ने कहा है कि प्रदर्शकों को नवाउन्वेषकों और आगंतुकों की जबरदस्त प्रक्रिया के कारण भारत एआई इंपैक्ट एक्सपो शनिवार को रात आठ बजे तक खुला रहेगा। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

विधानमंडल के बजट सत्र में कल विधानसभा में बजट पर सामान्य चर्चा के साथ ही चार विभागों की अनुदान मांगों पर भी चर्चा की गई। इनमें उद्योग, सिंचाई, कृषि और नगर विकास विभाग शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने आयुष और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट भी सदन में पेश की। वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सत्र का संचालन कुशलतापूर्वक हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**नहीं, बहुत कुशलतापूर्वक इस सत्र का संचालन हो रहा है और बजट सत्र है। बजट सत्र में तमाम महत्वपूर्ण विषय आते हैं। महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण पर भी चर्चा, बजट पर चर्चा, विभागीय बजटों को प्रस्तुत करने का काम है और विभागीय बजट प्रस्तुत करने के पीछे उद्देश्य यही रहता है कि प्रदेश का सभी विभागों के माध्यम से सर्वांगीण विकास हो और हमारी सरकार विकास के लिए समर्पित है। सबके साथ के लिए समर्पित है और हम 25 करोड़ प्रदेश वासियों के लिए काम करते हैं।**

विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और सदन से वॉक आउट किया।

इस पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रयास कर रही है कि किसानों को खाद, बीज और पानी की पर्याप्त सुविधा मिले जिससे उनकी लागत में कमी आये। वहीं सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने वाराणसी में गंगा नदी में चल रहे सरकारी और प्राइवेट क्रूज की संख्या और उनके संचालन से जुड़ा सवाल उठाया। जवाब में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी में पांच सरकारी और दो निजी क्रूज चलाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनके संचालन से वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

**********

केन्द्र सरकार ने कानपुर के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में वैमानिकी और रक्षा क्षेत्र में कौशल विकास के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की घोषणा की है। यह केंद्र फ्रांस सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगार क्षमता

रूपांतरण योजना के तहत स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष के उद्घाटन पर फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ यह घोषणा की।

**********

गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की पहल तेज हो गयी है। इसी कड़ी में कल प्रदेश सरकार और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के बीच एमओयू पर दस्तखत किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर उनके सामने हस्ताक्षरित इस एमओयू के अनुसार स्टेडियम के निर्माण में कार्पोरेशन द्वारा साठ करोड़ रुपये का सहयोग दिया जाएगा।

**********

यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। एक रिपोर्ट–

**पत्र में प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित करने की जानकारी दी गई है। यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.के. सिंह ने बताया कि जापान सिटी के लिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर–5 ए में 500 एकड क्षेत्र प्रस्तावित है। वहीं सिंगापुर सिटी के लिए ग्रेटर नोएडा सेक्टर–7 में 500 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। इन सेक्टरों का विकास इंजीनियरिंग, प्रोक्योर मेंट और कंस्ट्रक्शन– ईपीसी मोड पर किए जाने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही एक अन्य कम्पनी को अत्याधुनिक हाईपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 5 एकड़ भूमि का आवंटन कर दिया गया। 400 करोड़ रुपए के निवेश वाले इस डेटा सेंटर की क्षमता लगभग 7000 सर्वर रैक की होगी। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

देश के कई हिस्सों में अठारह फरवरी की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही कल से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया। एक रिपोर्ट–

**चंद्र दर्शन होने के बाद ही लोगों ने एक दूसरे को रमजान की बधाइयां देनी शुरू कर दी। तरावीह की विशेष नमाज पूरे महीने जारी रहेगी। मस्जिदों में रोजा अफ्तार के विशेष प्रबंध किए गए हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेशवासियों को रमजान माह की बधाई दी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही सभी जनपद के अधिकारियों को रमजान से संबंधित दिशा निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दे चुके हैं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस को तैनात किया गया है। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने जनता से आपसी भाईचारे और एकता के साथ रमजान मनाने की अपील की है। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

मथुरा के विश्व प्रसिद्ध होली उत्सव में शामिल होने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में लोग मथुरा पहुंचते हैं। इसको देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने ब्रज क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारियाँ की हैं। मथुरा परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने बताया कि रंगोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक सुगमता से पहुँचाने के लिए परिवहन निगम एक सौ सत्तर बसों का संचालन करेगा।

**इस पर्व के अवसर पर हमने अपनी रोडवेज से 170 बसें लगाई हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की एसी और वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें भी हमने लगाई हुई है। हम 125 बसें निगम की मथुरा से बरसाना चलाएंगे। 10 बसें हम कोसी से बरसाना चलाएंगे और 5 बसें हम छाता से बरसाना चलाएंगे और 30 बसें हम वृंदावन से बरसाना चलाएंगे।**

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो गईं। अठ्ठाइस फरवरी तक चलने वाली परीक्षाएं दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही हैं। परिषद के सचिव शिव लाल ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेश भर में दो सौ इकतालीस परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

**********